# RAF SECTOR
## NEWS CLIP
## 09/03/20

**TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING**

**Dainik Jagran, Meerat (UP)**

# जिम्बाब्वे पुलिस ने मेरठ में सीखा दंगों से निपटना

**जागरण संवाददाता, मेरठ :** मेरठ-दिल्ली जैसे दंगों से निपटने के गुर सीखने के बाद जिम्बाब्वे से आई 15 सदस्यीय टीम शनिवार को लौट गई। दो सप्ताह के प्रशिक्षण के दौरान टीम को भीड़ नियंत्रण और विशेष हथियार चलाने का प्रशिक्षण भी दिया गया। विदेश मंत्रालय के भारतीय तकनीकी व आर्थिक सहयोग (आइटीईसी) के तहत 'शिक्षा पूल' कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी क्रम में दो सप्ताह के दौरे पर जिम्बाब्वे पुलिस अधिकारियों की टीम 26 फरवरी को द्रुत कार्य बल (रेपो) में आई थी। उन्हें विशेष हथियारों व उपकरणों का प्रशिक्षण, दंगा नियंत्रण ड्रिल, लोक व्यवस्था प्रबंधन सिखाया गया। जिम्बाब्वे के पुलिस अधीक्षक बेरेशन पैट्रिक के नेतृत्व में टीम आई थी।



एडीजी संजय अरोड़ा • जागरण

**नमस्ते सीखा, राम-राम कर हुए रवाना**

रेपो प्रभारी ने बताया कि इस दौरान टीम ने नमस्ते मेरठ के अलावा राम-राम बोलना भी सीखा। आरएएफ के एडीजी संजय अरोरा ने बताया कि जिम्बाब्वे पुलिस को कम मैन पावर में दंगा नियंत्रण के गुर सिखाए गए।

Amar Ujala, Meerat (UP)

# 'कम फोर्स में अधिक भीड़ पर नियंत्रण करती है आरएएफ'

मेरठ। आरएएफ की 108वीं वाहिनी आरएएफ एकेडमी ऑफ पब्लिक एकेडमी (रैपो) में जिम्बाब्वे पुलिस के ऑफिसर्स का दो सप्ताह का प्रशिक्षण पूरा शनिवार को पूरा हुआ। मुख्य अतिथि संजय अरोरा विशेष महानिदेशक (मुख्यालय) सीआरपीएफ रहे। मेहमानों को भीड़ नियंत्रण पर दिल्ली में हाल ही में हुई हिंसा समेत अन्य देशों की हिंसा की वीडियो व घटनाक्रम से अवगत कराया।

मुख्य अतिथि संजय अरोरा ने कहा कि प्रशिक्षण केंद्र है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्राउड कंट्रोल मैनेजमेंट में पहचान बना रहा है। आरएएफ प्रशिक्षण का अर्थ है कि कम फोर्स में अधिक भीड़ पर नियंत्रण करना है। यहां 27 फरवरी से 7 मार्च तक दो सप्ताह का भीड़ नियंत्रण प्रशिक्षण जिम्बाब्वे रिपब्लिक पुलिस अफसरों को दिया। जिसमें विशेष हथियारों, उपकरणों का प्रशिक्षण, दंगा नियंत्रण ड्रिल, लोक व्यवस्था प्रबंधन, मानवाधिकारों का प्रशिक्षण दिया।

Rajasthan patrika, Coimbatore (TN)

## पुलिस और रैपिड एक्शन फोर्स के 1500 से अधिक जवान रहे तैनात

# बंद रहा कोयम्बत्तूर, बाजारों में सन्नाटा

**कोयम्बत्तूर.** हिंदू व मुस्लिम संगठनों के आह्वान पर शनिवार को कोयम्बत्तूर बंद रहा। चाय-पान से लेकर भोजनालयों तक के शटर नहीं खुले। बाजारों में सन्नाटा छाया रहा। देर शाम कुछ रेस्टोरेंट खुलने पर आवाजाही जरूर बढ़ी। पूरे दिन शहर में पुलिस और रैपिड एक्शन फोर्स के जवान गश्त करते रहे। प्रशासन ने 1500 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात किए थे।




कोयम्बत्तूर में शनिवार को बंद के दौरान शहर के प्रमुख बाजार मेट्टूपालयम रोड पर छाया सन्नाटा।

### परेशान रहे लोग

शहर में सुबह कुछ जगह चाय की दुकान खुली थी, लेकिन कुछ संगठनों के कार्यकर्ताओं के कहने पर उन्हें भी दुकानें बंद करनी पड़ी। सुबह आठ बजे बाद शहर में चाय मिलना मुश्किल हो गया। सब्जी मंडी भी बंद रही। सर्वाधिक परेशानी भोजन के लिए होटलों पर आश्रित रहने वाले लोगों को हुई। कई लोगों ने रेलवे स्टेशन की कैन्टीन की शरण ली। हालांकि ऐप के माध्यम से भी लोगों ने भोजन का जुगाड़ किया। रोजाना मजदूरी कर परिवार चलाने वाले मायूस नजर आए।

### सड़कों पर पुलिस

बंद के दौरान कानून व व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरे दिन पुलिस व रैपिड एक्शन फोर्स के जवान गश्त करते रहे। देर शाम तक कहीं से कोई अप्रिय खबर नहीं मिली। खुद पुलिस आयुक्त सुमित शरण व अन्य अधिकारियों ने गांधीनगर में पैदल गश्त की। संवेदनशील इलाकों में तो दो दिन पहले से ही पुलिस कर्मी तैनात थे।

### स्कूल -कॉलेज भी नहीं खुले

सुरक्षा को देखते हुए शहर के सभी स्कूल -कॉलेज बंद रहे। यहां तक कि सिनेमा हॉल भी वीरान नजर आए। बैंक, सरकारी कार्यालयों में रोजाना की तरह कामकाज होता रहा। पेट्रोल पम्प, मेडिकल स्टोर पूरे दिन खुले नजर आए। आसपास के गांव-कस्बों से रोजगार व खरीदारी के लिए आने वाले लोग भी कोयम्बत्तूर नहीं आए। इससे पूरा शहर खाली-खाली सा नजर आया। कई बाजारों में दोपहर में सन्नाटा छाया रहा।

### चिन्ता का कारण

बंद की वजह को लेकर लोग चिन्तित नजर आए और इसे शहर के लिए अच्छा संकेत नहीं माना। बंद का आह्वान हिन्दू मुन्नानी के अलावा मुस्लिम संगठन एसडीपीआई और पीएफआई ने किया था। घटनाक्रम की शुरुआत बुधवार की रात हिंदू मुन्नानी के जिला सचिव आनंद पर नंदुडपुरम में अज्ञात लोगों के हमले से हुई थी। उसी दिन एक अन्य घटना में कुछ बदमाशों ने गणपति में एक धर्मस्थल परें पेट्रोल बम फेंका। दोनों घटनाओं से तनाव के हालात हो गए थे। हालांकि पुलिस ने दोनों मामलों में आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए तीन विशेष टीमों का गठन किया।

हिंदू मुन्नानी ने अपने पदाधिकारी पर हमले की निंदा करते हुए बंद का आह्वान किया था। वहीं धर्मस्थल पर पेट्रोल बम फेंकने के विरोध में मुस्लिम संगठन एसडीपीआई और पीएफआई ने बंद का आह्वान कर दिया। दोनों संगठनों ने गणपति इलाके में हुई घटनाओं के लिए एक-दूसरे पर आरोप लगाए हैं। दोनों ने ही एक -दूसरे के आरोपों को गलत बताया था।

Scanned with CamScanner

**Amar Ujala, Prayagraj (UP)**

# सभी क्षेत्रों में आगे हैं महिलाएं

## आरएएफ 101 बटालियन में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन

संवाद न्यूज एजेंसी

फाफामऊ। आरएएफ 101 बटालियन शांतिपुरम में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सांसद डॉ. रीता बहुगुणा जोशी थी। इस मौके पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

सांसद एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. रीता बहुगुणा जोशी ने कहा कि महिलाओं की सहभागिता हर क्षेत्र में हो रही है। उन्होंने कहा कि पहले लोग बेटियों को पढ़ाने से बचते थे, लेकिन आज प्रत्येक अभिभावक अपने बेटियों को उच्च शिक्षा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि आरएएफ में सबसे पहले महिला बटालियन बनाई गई। जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि अब सरकार पीएसी में भी महिलाओं की भर्ती करेगी। बल के कमांडेंट राज कुमार निगम ने महिलाओं को बधाई देते हुए कहा कि नारी जगत जननी एवं शक्ति स्वरूपा है। कावा अध्यक्षा सुनीता निगम ने उपस्थित अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में द्वितीय कमांडेंट अधिकारी नरेंद्र कुमार, पवन कुमार, स्थायी अधिवक्ता अभिषेक शुक्ल, उमेश तिवारी, मंडल अध्यक्ष सुशील तिवारी, नीरज त्रिपाठी, सीटू बाबा, बंटी पांडेय आदि शामिल हुए।



आरएएफ 101 बटालियन शांतिपुरम में मौजूद सांसद इलाहाबाद।

### मनाया गया महिला किसान दिवस

नैनी(संवाद)। कृषि विज्ञान केंद्र, शुआट्स के परिसर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। प्रारंभ डॉ. अजय कुमार के प्रार्थना के साथ की। मुख्य अतिथि डॉ. शैलेश मास्कर का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में महिला सशक्तिकरण पोषण एवं शिक्षा का महत्व बताया। छोटे किसानों विशेषकर महिला किसानों के लिए छोटे कृषि यंत्र जैसे की हारवेस्टींग गाउन, दास्ताने, कटाई मड़ाई के यंत्र के बारे में जानकारी दी।

Prabhat khabar, Hazaribagh (JKD)

# जवानों का शहर में फ्लैग मार्च

- डेढ़ दर्जन चिह्नित लोगों को किया जिलाबदर
- सुरक्षा को लेकर 32 जोन में बंटी पुलिस की टीम



जवानों ने शहर के कई इलाकों में किया फ्लैग मार्च.

प्रतिनिधि ▷ हजारीबाग

जिले में होली का त्योहार शांति और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर जिला प्रशासन ने कमर कस ली है. शहर के चौक-चौराहों से लेकर गांव के चौपाल तक पुलिस की गश्ती रहेगी, ताकि शरारती तत्वों से निबटा जा सके. सदर एसडीपीओ कमल किशोर ने बताया कि शहर में हर गतिविधि पर पुलिस की नजर रहेगी. इसके लिए सीसीटीवी को दुरुस्त किया गया है.

पूरे जिले को 32 जोन में बांट सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गयी है. विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए अतिरिक्त तीन हजार पारा मिलिट्री फोर्स की तैनाती की गयी है. एक हजार से अधिक चिह्नित लोगों को 107 का नोटिस भेजा गया है. जिले के डेढ़ दर्जन लोगों को जिला बदर किया जा रहा है. इधर, शहर में शांति बनाये रखने के लिए जवानों ने फ्लैग मार्च किया.

**कई जोन में गश्ती दल का गठन:** प्रशासनिक तैयारी के मद्देनजर प्रत्येक थाना और ओपी को जोन बनाकर गश्ती दल का गठन किया गया है. गश्ती दल में दंडाधिकारी व सशस्त्र बल की तैनाती रहेगी. दर्जनों संवेदनशील स्थानों को चिह्नित कर स्टैटिक दंडाधिकारी के साथ पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गयी है. जिले के 257 पंचायतों में दंडाधिकारी प्रतिनियुक्ति की गयी है. तीन पारियों में पदाधिकारियों की सुरक्षित प्रतिनियुक्ति की गयी है. अफवाह व हुड़दंग करनेवालों पर पुलिस की विशेष नजर रहेगी. प्रशासन की ओर से 10 मार्च को जिले भर में शराब की दुकान बंद रखने का आदेश दिया गया है.

**Hindustan, Ranchi (JKD)**

राजधानी की सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद, संवेदनशील इलाकों में दंडाधिकारी और क्यूआरटी की तैनाती

# होली में हुड़दंगियों पर पुलिस की रहेगी नजर

**3** हजार फोर्स की तैनाती रहेगी राजधानी में

**9** से 10 मार्च तक रहेगी पुलिस की तैनाती

**4** जोन में बांटा गया है रांची शहर को

**तैयारी**

रांची | वरीय संवाददाता

रांची में होली पर्व को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। उपद्रवियों और मवालियों पर नकेल कसने के लिए जिले भर में तीन हजार फोर्स तैनात की गई हैं। इसमें जिला बल के अलावा झारखंड सशस्त्र पुलिस, रैपिड एक्शन पुलिस व रैपिड एक्शन फोर्स के जवान शामिल हैं। एसएसपी अनीश गुप्ता ने बताया कि सांप्रदायिक तनाव न हो, इसलिए सभी संवेदनशील थाने व स्थान चिह्नित किए गए हैं।

संवेदनशील इलाकों में दंडाधिकारी व क्यूआरटी को तैनात किया गया है, ताकि हर विषम परिस्थिति से निपटा जा सके। वहीं, संवेदनशील और अति संवेदनशील इलाकों में पुलिस अफसर सादे लिबास में तैनात रहेंगे। तैनात अधिकारी उस इलाके की हर गतिविधियों की जानकारी कंट्रोल रूम को देंगे। एसएसपी ने कहा है कि होली त्योहार को लेकर रांची में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद की जा रही है। शराबियों और हुड़दंगियों पर विशेष नजर रखी जाएगी।

एसएसपी के निर्देश पर रविवार को मेन रोड इलाके में फ्लैग मार्च किया गया। इसमें कोतवाली डीएसपी अजित कुमार विमल के अलावा रैफ के जवान भी शामिल थे।



पुलिस की टीम ने रविवार को सुजाता चौक से कचहरी चौक तक फ्लैग मार्च कर शांति बनाए रखने की अपील की। • हिन्दुस्तान

## बाइकर्स गैंग पर कसा जाएगा शिकंजा

एसएसपी ने बताया कि हर संवेदनशील इलाके में अतिरिक्त दंडाधिकारी के साथ पुलिस बल की तैनाती की गई है, जो लगातार पेट्रोलिंग करते रहेंगे। होली के दौरान स्टैटिक मजिस्ट्रेट की तुलना में पेट्रोलिंग पर प्रशासन खास ध्यान दे रहा है। इस दौरान बाइकर्स गैंग के भी सक्रिय होने की रिपोर्ट उन्हें मिली है, पुलिस ऐसे गैंग पर भी विशेष निगरानी रख रही है।

## धार्मिक स्थलों पर भी पुलिस की नजर रहेगी

है। विशेष समुदाय के धार्मिक स्थल पर रंग-गुलाल फेंकने के बाद तनाव उत्पन्न हो सकता है। इतना ही नहीं, रंग-गुलाल के बहाने छेड़खानी भी हो सकती है। ऐसे तत्वों पर नजर रखी जा रही है।

## अवैध शराब कारोबारियों पर कार्रवाई की जाएगी

एसएसपी ने सभी थानेदारों को अपने-अपने क्षेत्रों में अवैध शराब बेचने और उसके भंडारण करने वालों पर पैनी नजर रखने का निर्देश दिया है, ताकि अवैध शराब बिक्री पर रोक लगे। उन्होंने बताया कि किसी भी थाना क्षेत्र में अवैध शराब के भंडारण की सूचना मिली तो उस क्षेत्र के थाना प्रभारी पर कार्रवाई होगी।

## Dinakaran, Coimbatore (TN)

# கோவையில் போலீசார் பாதுகாப்பு அணிவகுப்பு

கோவை, மார்ச் 8: கோவையில் போலீசார் பாதுகாப்பு அணிவகுப்பு நடத்தினர்.

கோவையில் இந்து முன்னணி நிர்வாகி ஆனந்த் கடந்த சில நாட்களுக்கு முன்பு மர்ம நபர்களால் தாக்கப்பட்டார். அவரை தாக்கியவர்கள் மீது நடவடிக்கை கோரி இந்து முன்னணியினர் கோவையில் நேற்று கடையடைப்பு போராட்டத்தில் ஈடுபட்டனர். மேலும் கோவை காந்திபுரத்தில் ஒருவரும், கோவை அரசு மருத்துவமனை அருகே முகமது கனி என்பவரும் ஒரு சிலரால் தாக்கப்பட்டனர். மேலும் அங்கிருந்த ஆட்டோக்கள் அடித்து சேதப்படுத்தப்பட்டது.

[illegible] நாட்களுக்கு முன்பு கடை [illegible] வேதாம்பாள் [illegible] பள்ளிவாசல் மீது [illegible] கள் பெட்ரோல் குண்டு வீசினர். இதற்கு எதிர்ப்பு தெரிவித்தும், காரணமானவர்கள் மீது நடவடிக்கை கோரியும் கோவை அனைத்து ஜமாத் மற்றும் இஸ்லாமிய கூட்டமைப்பு சார்பில் கடையடைப்பு போராட்டம் நேற்று நடந்தது. இதன் காரணமாக கோவை காந்திபுரம், பீளமேடு, ஆர்எஸ் புரம், உக்கடம், சுந்தராபுரம், போத்தனூர் உள்ளிட்ட பல்வேறு இடங்களில் 95 சதவீத கடைகள் அடைக்கப்பட்டிருந்தன.

இதையொட்டி அசம்பாவித சம்பவங்கள் நிகழாமல் இருக்க கோவை காந்திபுரத்தில் போலீசார் நேற்று பாதுகாப்பு அணிவகுப்பு நடத்தினர். இதில் 200க்கும் மேற்பட்ட அதிரடிப்படை போலீசார் கலந்து கொண்டனர். கமிஷனர் சுமித் சரண் தலைமையில் நடைபெற்ற அணிவகுப்பு கோவை காந்திபுரத்தில் தொடங்கி கிராஸ்கட் ரோடு, 100 அடி ரோடு, டாடாபாத் வழியாக சென்று மீண்டும் காந்திபுரத்தில் முடிவடைந்தது. இதேபோல் போலீசார் கோவையில் பல்வேறு இடங்களில் பாதுகாப்பு அணிவகுப்பு நடத்தினர்.

> அசம்பாவித சம்பவங்கள் நிகழாமல் இருக்க கோவை காந்திபுரத்தில் போலீசார் நேற்று பாதுகாப்பு அணிவகுப்பு நடத்தினர். இதில் 200க்கும் மேற்பட்ட அதிரடிப்படை போலீசார் கலந்து கொண்டனர்.



▸ கோவை காந்திபுரத்தில் போலீஸ் கமிஷனர் சுமித் சரண் தலைமையில் போலீசார் நேற்று பாதுகாப்பு அணிவகுப்பு நடத்தினர்.

## Daily Thanthi, Coimbatore (TN)



Scanned with

[illegible]வையில் கடையடைப்பை முன்னிட்டு, மாநகர போலீசாரின் கொடி அணிவகுப்பு, காந்திபுரம் பகுதியில் நடந்தது

B,C,D/105 BN DEPLOYMENT FOR L/O DUTY AT COIMBATORE (TN)

# Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF








**सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।**